प्रमाण पत्र -

# GOVT. V.Y.T.PG. AUTONOMOUS COLLEGE DURG, CHHATTISGARH

(Erstwhile: Govt. Arts & Science College,Durg)

**CPE Phase – III By UGC**

**Awarded Star College by DBT, New Delhi**

**SESSION – 2024-25**

Organising :-

# EXTENSION ACTIVITY

Funded by-Rashtriya Uchchatar Shiksha Abhiyan (RUSA)

**प्रमाण पत्र -**

**<u>रूसा- राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान के अन्तर्गत विस्तार गतिविधि कार्यक्रम 2024-25</u>**

शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय जिला दुर्ग ( छ. ग.) के गणित विभाग द्वारा दिनांक 04/01/25 को एक दिवसीय विस्तार गतिविधि कार्यक्रम का आयोजन जिला धमतरी में किया गया।

**<u>उद्देश्य:-</u>**

आयोजन का मुख्य उद्देश्य विद्यालयीन विद्यार्थियों में गणित विषय के अध्ययन हेतु रुचि उत्पन्न करना तथा अधिक से अधिक छात्रों को गणित विषय से उच्च शिक्षा प्राप्त करने हेतु प्रेरित करना था।






**प्रमाण पत्र -**

**<u>गणित विभाग के स्नातकोत्तर के प्रथम व तृतीय सेमेस्टर के विद्यार्थियों द्वारा नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति</u>:**













कार्यक्रम में गणित विभाग के स्नातकोत्तर तृतीय सेमेस्टर के विद्यार्थी **त्रिलोक, संस्कार, मृदुल, गौरव, हर्ष, निखिल, आदित्य, संजना, शोभा, किरण, दिव्या, सीमा, अनुपमा, लक्ष्मी, दामिनी, निशा, नेहा, खुशबू, कावेरी, अंजनी** द्वारा धमतरी जिले के रुद्री ग्राम में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के 9वीं कक्षा से 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों को गणित विषय में भविष्य,गणित विषय के लाभ संबंधित जानकारी दी गई। गणित विभाग तृतीय सेमेस्टर के विद्यार्थियों द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से विद्यार्थियों के लिए गणित विषय की उपयोगिता तथा परीक्षा के समय मन को किस प्रकार से स्थिर रखें, किस प्रकार स्वास्थ्य का सीधा संबंध परिक्षा से है और किस तरह न्यूनतम शून्य से अनंत ब्रह्मांड तक गणित समाहित है, संबंधित जानकारी प्रदान की गई। नुक्कड़ नाटक के पश्चात विद्यालयीन विद्यार्थियों द्वारा गणित संबंधित कुछ प्रश्न भी पूछे गए, जिनका संतुष्टि पूर्ण निवारण गणित विभाग के विद्यार्थियों द्वारा किया गया। कार्यक्रम के प्रतिनिधित्व कर्ता के रूप में गणित विभाग की सहायक प्राध्यापिका **डॉ. प्राची सिंह** मैम तथा अतिथि व्याख्याता **अंबालिका चौहान** मैम विद्यार्थियों के मध्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम में

**प्रमाण पत्र -**

मुख्य रूप से **शा.उच्च. मा. विद्यालय रुद्री** की प्राचार्य महोदया **श्रीमती दीप्ति ध्रुव जी** उपस्थित रहीं। प्राचार्य महोदया द्वारा गणित विभाग द्वारा आयोजित विस्तार गतिविधि हेतु कहा गया कि गणित विषय में विद्यार्थियों की अभिरुचि बढ़ाने हेतु ऐसे कार्यक्रम किए जाने चाहिए जिससे विद्यार्थियों में गणित हेतु उत्साह उत्पन्न हो और वे गणित की दिशा में कदम बढ़ाएं। प्राचार्य महोदया द्वारा महाविद्यालयीन गणित विभाग के विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं भी प्रदान की। विद्यालयीन छात्र/छात्राओं ने भी फीडबैक में गणित विषय के प्रति रुचि व्यक्त की तथा धन्यवाद ज्ञापन किया।













कार्यक्रम में गणित विभाग के स्नातकोत्तर प्रथम सेमेस्टर के विद्यार्थी **खुशी, रोमा साहू, श्रद्धा यादव, मोनिका साहू, हेमलता, सुनीति, आकांक्षा, गीता टंडन, रेणुका, रोशन साहू, संजय** द्वारा **धमतरी जिले** के **रुद्री ग्राम** में **सरस्वती शिशु मंदिर रुद्री** के 9मी कक्षा से 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों को गणित विषय में भविष्य, गणित विषय के लाभ संबंधित जानकारी दी गई। गणित विभाग प्रथम सेमेस्टर के विद्यार्थियों द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से विद्यार्थियों के लिए गणित विषय की उपयोगिता, गणित का दैनिक जीवन मे महत्व

**प्रमाण पत्र -**

तथा परीक्षा के समय मन को किस प्रकार से स्थिर रखें, संबंधित जानकारी प्रदान की गई। नुक्कड़ नाटक के पश्चात विद्यालयीन विद्यार्थियों द्वारा गणित संबंधित कुछ प्रश्न भी पूछे गए, जिनका संतुष्टि पूर्ण निवारण गणित विभाग के विद्यार्थियों द्वारा किया गया। कार्यक्रम के प्रतिनिधित्व कर्ता के रूप में गणित विभाग की सहायक प्राध्यापिका **डॉ. प्राची सिंह** मैम तथा अतिथि व्याख्याता **अंबालिका चौहान** मैम विद्यार्थियों के मध्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सरस्वती शिशु मंदिर रुद्री के प्राचार्य महोदय **श्रीमान संतोष साहू जी** उपस्थित रहे ।प्राचार्य महोदय द्वारा गणित विभाग द्वारा आयोजित विस्तार गतिविधि हेतु कहा कि गणित विषय में विद्यार्थियों की अभिरुचि बढ़ाने हेतु ऐसे कार्यक्रम किए जाने चाहिए जिससे विद्यार्थियों में गणित हेतु उत्साह उत्पन्न हो और वे गणित की दिशा में कदम बढ़ाएं तथा गणित द्वारा विजयन क्षेत्र में भारत को विश्व स्तर तक पहुंचाएं'। प्राचार्य महोदय द्वारा महाविद्यालयीन गणित विभाग के विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं भी प्रदान की। विद्यालयीन छात्र/छात्राओं ने भी फीडबैक में गणित विषय के प्रति रुचि व्यक्त की तथा धन्यवाद ज्ञापन किया।

**<u>पर्यटन स्थल भ्रमण</u>:-**


विद्यालयीन गतिविधि पूर्ण होने के पश्चात महाविद्यालय गणित विभाग के विद्यार्थियों द्वारा डॉ. प्राची सिंह मैम तथा अंबालिका चौहान मैम के मार्गदर्शन तथा निर्देशन में जिला धमतरी में स्थित पर्यटन स्थल आदिशक्ति माता अंगारमोति, गंगरेल बांध, रुद्री बांध तथा बिलाई माता में दर्शन तथा भ्रमण कर शैक्षणिक भ्रमण संपन्न किया गया।





**प्रमाण पत्र -**

**<u>शाला से प्रमाण पत्र</u>:-**



प्रमाण–पत्र


प्रमाणित किया जाता है, कि शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.) के गणित विषय के एम.एस.सी. के विद्यार्थी रूसा की विस्तार गतिविधि हेतु हमारे विद्यालय सरस्वती शिशु मंदिर उ. मा. वि. धमतरी (छ.ग.) में आज दिनांक 04/01/2025 को आए। विद्यार्थियों ने हमारे विद्यार्थियों को गणित विषय से संबंधित कई रोचक जानारियां दी एवं नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। साथ ही विद्यार्थियों को गणित विषय की महत्ता से भी आगत कराया।

हम सभी के लिए यह कार्यक्रम बहुत रोचक और शिक्षाप्रद रहा। इस प्रकार के कार्यक्रम यदि विद्यालय में आयोजित होते रहें तो विद्यार्थियों के मन से गणित का भय कम होगा, आगे बढ़ने की दिशा मिलेगी और विषय को समझने में आसानी होगी।

इस कार्यक्रम के लिए गणित विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. प्राची सिंह, कु. अम्बालिका चौहान और विद्यार्थियों के उत्साह की हम प्रशांसा करते है।

दिनांक 04/1/2025

04.01.25
प्राचार्य
सरस्वती शिशु मंदिर
उच्च. माध्य. विद्यालय धमतरी



प्रमाण–पत्र

प्रमाणित किया जाता है, कि शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.) के गणित विषय के एम.एस.सी. के विद्यार्थी रूसा की विस्तार गतिविधि हेतु हमारे विद्यालय सरस्वती शिशु मंदिर उ. मा. वि. धमतरी (छ.ग.) में आज दिनांक 04/01/2025 को आए। विद्यार्थियों ने हमारे विद्यार्थियों को गणित विषय से संबंधित कई रोचक जानारियां दी एवं नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। साथ ही विद्यार्थियों को गणित विषय की महत्ता से भी आगत कराया।


हम सभी के लिए यह कार्यक्रम बहुत रोचक और शिक्षाप्रद रहा। इस प्रकार के कार्यक्रम यदि विद्यालय में आयोजित होते रहें तो विद्यार्थियों के मन से गणित का भय कम होगा, आगे बढ़ने की दिशा मिलेगी और विषय को समझने में आसानी होगी।

इस कार्यक्रम के लिए गणित विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. प्राची सिंह, कु. अम्बालिका चौहान और विद्यार्थियों के उत्साह की हम प्रशांसा करते है।

दिनांक 04/1/2025

04.01.25
प्राचार्य
सरस्वती शिशु मंदिर
उच्च. माध्य. विद्यालय धमतरी

**<u>फीडबैक</u>:-**



हर्षिता निषाद कक्षा - 11 वीं कला
शास. उच्च. माध्य. विद्यालय रूद्री

नुक्कड़ नाटक के जरिए Mathamatic के बारे में जानकारी

गणित को पढ़ने के लिए डेफिनेशन को अच्छे से पढ़ना जरूरी होता है।

काश पढ़ाई तो होती लेकिन एग्जाम होता ही नहीं
काश गणित होता लेकिन पढ़ाई होता ही नहीं
लेकिन पढ़ाई करना तो है ही जरूरी


जब से हुई किसी का किताब देखता तो मैं उसे छूता नहीं, रूठ जाता है।

बेकार हो तुम मैथ्स
तुम ही मेरी जिन्दगी हताश की है
तुम ही ने मेरी जिन्दगी बर्बाद की है।

इतना सब के बाद गणित चली जाती है।

गणित के साथ घड़ी के समय भी चला गया
मैथ्स नहीं तो ज्यॉमेट्री नहीं, ज्यॉमेट्री नहीं तो सर्कल नहीं
मैथ्स नहीं तो अंक भी नहीं और अंक नहीं
तो तारीख नहीं तो छुट्टी भी नहीं।
मैथ्स नहीं तो मोबाइल फॉन भी नहीं।

मैथ्स से दूर भागने के बजाय मैथ्स को समझना जरूरी है।




नाम -निकेतन यादव कक्षा -12वी (Maths)
शासकीय उच्च. माध्य. विद्यालय रुद्री

पूरे विश्व में Maths इतनी Important है कि Maths के बिना कोई भी कार्य संभंव नहीं है। Maths से ही सभी कार्य सम्पन्न होता है। Maths के बिना जीवन अधूरा है। अगर Maths न होता तो हम आगे ही नहीं बढ़ पाते।

आप सभी लोगों को बहुत बहुत धन्यवाद जो आप लोग हमें बहुत कुछ सिख दिये।


धन्यवाद



Govt. High. Sec. School Rudri

Name Narayani Class - 11th Bio

नुक्कर नाटक के जरिये गणित के बारे में समझाया गया। गणित से स्टुडेंट्स को किस प्रकार की समस्याएँ होती है बताया गया है गणित से दूर भागने की बजाये समझना जरूरी है। गणित हमारे जीवन का महत्वपूर्ण भाग है। गणित हमारे पूरे दिनचर्या का हिस्सा होता है ऐसा हमें समझाया। गणित हमारे लिए और हमारे जीवन के लिए महत्वपूर्ण है। डिप्रेशन को दूर करने का तरीका बताया गया कि अपने माँ से अपने मन की बात करें जिससे डिप्रेशन दूर हो सकता है।



Govt. H. S. School Rudri
Class - 12th science
Subject -
Name - Veena

1) स्वास्थ्य संबंधी अच्छी जानकारी दी।
2) पढ़ाई करने के लिए प्रोत्साहित किया।
3) डिपरेशन को दूर करने की जानकारी दी।
4) गणित से संबंधी अच्छी जानकारी दी।

हमें बहुत अच्छा लगा। इससे हमें अच्छी जानकारी मिली। हमें डिपरेशन दूर करने के लिए अपने बात को माँ को बताना चाहिए। स्वास्थ्य संबंधी अच्छी जानकारी दी। हमारा स्वास्थ्य ठीक रहेगा तो मानसिकता ठीक होगी। हमें परीक्षा से डरना नहीं चाहिए। हमें साफ दिमाग से हल कर-कर आना चाहिए।

Thank you sir